



# इतिहास लिखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

## नवी मुंबई के डीवाई स्टेडियम में द. अफ्रीका से मुकाबला आज

**महिला विश्व कप फाइनल**

- टीम इंडिया पहली बार महिला वनडे विश्व कप जीतने की दहलीज पर
- भारत पहली ट्रॉफी की दावेदार, रिकॉर्ड रन चेज के बाद जोश चरम पर



**नवी मुंबई, 1 नवंबर. महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कल यानी 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेल जाएगा. वहीं टीम इंडिया अपनी पहली ट्रॉफी जीतने के किए मैदान पर उतरेगी.**

आपको बता दें कि महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर ऑस्ट्रेलिया के नाम है, जो उन्होंने 2022 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था जबकि महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में सबसे बड़ा रन चेज इंग्लैंड ने किया है. हाल ही में, टीम इंडिया ने कंगारू टीम के खिलाफ महिला वनडे वर्ल्ड कप और महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया है. 2025 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में, ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 338 रनों का विशाल स्कोर बनाया. इसके जवाब में, भारतीय टीम ने 48.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 341 रन बनाए और ये ऐतिहासिक जीत दर्ज की.

**टीमें :-**

**भारत-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणानी, क्रांति गौड़, मेघना सिंह, पूजा वस्त्रकर, देविका वैद्य, यास्तिका भाटिया, अनुषा बारेड्डी, मन्नत कश्यप।

**दक्षिण अफ्रीका-** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस, मारिज़ैन काप, एनेके बॉश, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क, सिनालो जाफ़्टा (विकेटकीपर), अयाबोंगा खाका, नॉनकुलुलेको म्लाबा, एनेरी डर्कसन, डेल्मी टकर, लारा गुडॉल, एलिज-मारी मार्क्स, मसाबाता क्लास, मिके डी रिडर, नोंडुमिसो शांगसे।

# भारतीय टेनिस स्टार बोपन्ना ने टेनिस को कहा अलविदा

## भावुक पोस्ट शेयर कर बोले- टेनिस ने मुझे जीवन का उद्देश्य दिया, रैकेट टांग लिया संन्यास

**नई दिल्ली 1 नवम्बर.** भारतीय टेनिस के दिग्गज युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने 1 नवंबर (शनिवार) को दो दशक से अधिक चले अपने शानदार करियर पर विराम लगाते हुए संन्यास की घोषणा कर दी है। 45 वर्षीय बोपन्ना का अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट पेरिस मास्टर्स 2025 रहा, जहाँ वह अलेक्जेंडर बुब्लिक के साथ राउंड ऑफ 32 में जॉन पीयर्स और जेम्स ट्रेसी से 5-7, 6-2, 10-8 से हार गए।

**कॅरियर में जीते दो ग्रैंड स्लैम – फ्रेंच ओपन 2017 (मिक्स्ड) और ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 (मेंस डबल्स)**

**ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बने**

बोपन्ना ने अपने सुनहरे करियर में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। उन्होंने फ्रेंच ओपन 2017 में गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था।

इसके बाद, ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में मैथ्यू एब्डेन के साथ मेन्स डबल्स खिताब जीतकर उन्होंने इतिहास रचा, जहाँ वह ग्रैंड स्लैम (ओपन एरा) जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए थे।



बोपन्ना ने अपने इस सफर को 'अविस्मरणीय' बताया और कहा कि रैकेट टांगना मुश्किल है। उन्होंने टेनिस को सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य बताया, जिसने उन्हें ताकत, विश्वास और धैर्य सिखाया। उन्होंने कहा, जब मैं खो गया था, तब ताकत दी। जब मैं टूटा हुआ था, तब विश्वास दिलाया।

**असली हीरो मेरे माता-पिता**

बोपन्ना ने माता-पिता को असली हीरो बताते हुए उनके अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अपनी पत्नी सुप्रिया, बेटी त्रिधा और अन्य परिजनों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब वह इस खेल को कुछ लौटाना चाहते हैं, ताकि छोटे शहरों के युवा यह विश्वास कर सकें कि उनकी शुरुआत ही उनकी सीमाओं को परिभाषित नहीं करती।

## अय्यर को सिडनी के अस्पताल से छुट्टी मिली

**मुंबई, 1 नवंबर** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आज एक बयान में पुष्टि की कि 25 अक्टूबर, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए एकदिवसीय मैच के दौरान पेट में गंभीर चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अय्यर को 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय पेट में गंभीर चोट लगी थी, जिससे उनकी तिल्ली में चोट लग गई थी. चोट की तुरंत पहचान कर ली गई और एक मामूली प्रक्रिया के बाद रक्तस्राव तुरंत बंद कर दिया गया।

# उन्नति हुडा सेमीफाइनल में, पुरुष एकल चुनौती समाप्त

## हुडा ने ताइपे की लिन को 22-20, 21-13 से हराया



**महिला एकल सेमीफाइनल में अब भिड़ेंगी शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से**

**रक्षिता रामराज को डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन ने हराया**

**फ्रैंकफर्ट/चेन्नई 1 नवम्बर.** युवा भारतीय शटलर उन्नति हूडा ने जर्मनी में चल रहे हायलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है. 18 वर्षीय उन्नति हूडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त लिन हि्सयांग टी को सीधे गेमों में मात दी। यह महिला एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबला 47 मिनट तक चला, जिसमें उन्नति ने 22-20, 21-13 के स्कोर से जीत हासिल कर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। टूर्नामेंट में अकेली बची भारतीय दावेदार उन्नति अब शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेंगी।

महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में, रक्षिता संतोष रामराज को डेनमार्क की छठी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन के हाथों 7-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**लक्ष्य और आयुष बाहर**

पुरुष एकल में, भारत को अनुभवी शटलर लक्ष्य सेन से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उन्हें तीन गेमों के संघर्ष में हार मिली। लक्ष्य ने पहला गेम 17-21 से गंवाने के बाद दूसरे गेम में 21-14 से वापसी की, लेकिन निर्णायक गेम में 15-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह मैच एक घंटा 14 मिनट तक चला। वहीं, एक अन्य युवा खिला ?ी आयुष शेट्टी ने फिनलैंड के काले कोल्जोनेन के खिलाफ तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में हार का सामना किया। आयुष ने पहला गेम 21-19 से जीतकर बढ़त बनाई थी, लेकिन दूसरा गेम 12-21 से गंवा दिया। तीसरे और बेहद करीबी गेम में भारतीय खिलाड़ी 20-22 के मामूली अंतर से पिछड़ गया और टूर्नामेंट से बाहर हो गया। किरण जॉर्ज की भी इंडोनेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ 10-21, 16-21 से हार के साथ, हायलो ओपन में भारत की पुरुष एकल चुनौती पूरी तरह समाप्त हो गई है।

### एक नजर में



## जांघ की चोट के बाद नेमार की वापसी की उम्मीद

**रियो डी जेनेरो.** नेमार शनिवार को फोर्टालेज़ा के खिलाफ सैंटोस के घरेलू मैच में चोट से उबरकर वापसी कर सकते हैं, क्योंकि क्लब ब्राज़ीलियाई सीरी ए से रेलीगेशन से बचने की कोशिश कर रहा है। 33 वर्षीय नेमार ने शुक्रवार को सैंटोस की पहली टीम के साथ प्रशिक्षण लिया और उम्मीद है कि मैनेजर जुआन पाब्लो वोज्वोडा उन्हें मैच के दिन टीम में शामिल करेंगे। स्थानीय समाचार आउटलेट ग्लोबो एस्पोर्टे ने कहा कि बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मन के पूर्व फॉरवर्ड विला बेल्मिरो स्टेडियम में होने वाले मैच के अंतिम 15 मिनट में खेल सकते हैं। 18 सितंबर को ट्रेनिंग के दौरान जांघ में चोट लगने के बाद से नेमार ने कोई मैच नहीं खेला है। ब्राज़ील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले फीफा विश्व कप से पहले अपनी फॉर्म और फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अक्टूबर 2023 में घुटने में लगी गंभीर चोट के बाद से उन्होंने ब्राज़ील के लिए कोई मैच नहीं खेला है और राष्ट्रीय टीम के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने कहा है कि केवल पूरी तरह से फिट खिलाड़ियों पर ही विश्व कप के लिए विचार किया जाएगा। नेमार ने इस सीज़न में 13 लीग मैच खेले हैं और तीन गोल किए हैं। आठ बार की ब्राज़ीलियाई सीरी ए चैंपियन सैंटोस 29 मैचों के बाद रेलीगेशन ज़ोन से एक अंक ऊपर है।

## पंजाब एफसी ने एनसुंगुसी एफिओंग को साइन किया

**पणजी.** पंजाब एफसी ने अपने आक्रामक विभाग को मजबूती देने के लिए नाइजीरियाई सेंटर-फॉरवर्ड एनसुंगुसी जूनियर एफिओंग को साइन किया है। 25 वर्षीय एफिओंग रोमानिया के क्लब एफसी यूटीए अराड से आने के बाद सीधे गोवा में एआईएफएफ सुपर कप 2025 के लिए टीम में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पंजाब एफसी के साथ एक साल का अनुबंध किया है। 6 फीट 4 इंच लंबे इस स्ट्राइकर के आने से टीम के आक्रमण को ताकत और अनुभव मिलेगा, क्योंकि पंजाब एफसी इस सीजन में और सफलता हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। एफिओंग भारत में यूरोपीय और मध्य एशियाई फुटबॉल का विविध अनुभव लेकर आए हैं। शुरुआती करियर : एफिओंग ने अपना करियर घाना के क्लब इंटरनेशनल एलाइज से शुरू किया था, जिसके बाद वे यूरोप चले गए। उन्होंने डेनमार्क के क्लब एचबी कोगे के साथ तीन सीजन बिताए, जहां उन्होंने लोन पर खेलते हुए 58 मैचों में 11 गोल दागे। मध्य एशिया में खेल : इसके बाद उन्होंने मध्य एशियाई लीगों में अनुभव हासिल किया। उन्होंने 2023 सीजन में कजाकिस्तान प्रीमियर लीग के एफसी अतिराउ के लिए लोन पर खेला, जहां उन्होंने 25 मैचों में सात गोल किए। हाल ही में वे उज्बेकिस्तान सुपर लीग के क्लब नेफची फर्गानाके लिए खेले, जहां 2024-25 सीजन में उन्होंने 24 मैचों में सात गोल किए।

## फिडे विश्व कप ट्रॉफी का नाम 'विश्वनाथन आनंद कप'

**पणजी.** गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में शुक्रवार को हुए भव्य समारोह में फिडे विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का नाम भारत के पहले विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखते हुए 'विश्वनाथन आनंद कप' रखा गया। यह ट्रॉफी पीतल से बनी है, जिस पर सोने की परत चढ़ी है, और इसे भविष्य के विजेताओं को चलती ट्रॉफी के रूप में दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआईसीएफ अध्यक्ष नितिन नारंग को भेजे संदेश के माध्यम से टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और कहा कि 'शतरंज विश्व कप का भारत लौटना खेल के लिए शुभ संकेत है।' समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, और फिडे अध्यक्ष अर्काडी ड्वोर्कोविच सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 82 देशों के 206 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शीर्ष 50 खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि भारतीय सितारे डी. गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और आर. प्रज्ञानंधा 4 नवंबर से मैदान में उतरेंगे। एआईसीएफ अध्यक्ष नारंग ने कहा कि घरेलू मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने का सुनहरा अवसर है।

# बीसीसीआई अडिग, नकवी से ट्रॉफी नहीं लेगा भारत

**एशिया कप ट्रॉफी विवाद**

- एशिया कप जीत के बाद भी विवाद बरकरार, मामला आईसीसी बैठक में उठेगा
- सचिव देबजीत सैकिया ने दुबई आईसीसी बैठक में मुद्दा उठाने की पुष्टि की
- एसीसी को भेजे पत्र पर बीसीसीआई को नहीं मिला सकारात्मक जवाब

**नई दिल्ली 1 नवम्बर. एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बावजूद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तानी मंत्री और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी स्वीकार न करने के अपने रुख पर कायम रहने का फैसला किया है।**



बीसीसीआई सचिव देबजीत सैकिया ने शनिवार को पुष्टि की कि इस मामले को 4 नवंबर से दुबई में शुरू हो रही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आगामी बैठक में उठाया जाएगा। बीसीसीआई ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार करने के बाद 10 दिन पहले एसीसी को पत्र भेजा था, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। सैकिया ने कहा, 卐हमारा रुख स्पष्ट है- हम उस सज्जन से ट्रॉफी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। ट्रॉफी निश्चित रूप से भारत को मिलेगी, लेकिन उनके हाथों से नहीं।

एशिया कप पुरस्कार समारोह के दौरान गतिरोध उत्पन्न हुआ था जब भारत ने नकवी से खिताब लेने से मना कर दिया था, जिसके बाद ट्रॉफी को मंच से हटा लिया गया। इस विवाद के बावजूद, भारतीय टीम ने मैदान पर अनूठे तरीके से जश्न मनाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की नकल करते हुए टीम के सदस्यों के साथ एक काल्पनिक ट्रॉफी उठाकर जीत का जश्न मनाया था।



### एआईएफएफ सुपर कप

# मोहन बागान हुआ बाहर

**गोवा 1 नवम्बूर.** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को खेले गए एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के हाई-वोल्टेज कोलकाता डर्बी में इंडियन सुपर लीग की दो दिग्गज टीमें ईस्ट बंगाल एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) के बीच मुकाबला गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस ड्रॉ के कारण ईस्ट बंगाल सेमीफाइनल में पहुँच गया, जबकि मोहन बागान टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

**ईस्ट बंगाल और मोहन बागान का मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा**

दोनों टीमों ने पाँच-पाँच अंक हासिल किए, लेकिन बेहतर गोल अंतर (+4 बनाम +2) के आधार पर ईस्ट बंगाल ने अंतिम चार में जगह पक्की की। ईस्ट बंगाल को केवल ड्रॉ की जरूरत थी, जबकि मोहन बागान के लिए जीत अनिवार्य थी।

ऑस्कर ब्रूज़ोन की ईस्ट बंगाल ने खेल की शुरुआत आक्रामकता से की। 24वें मिनट में बिपिन सिंह का हेडर पोस्ट के फ्रेम से टकराया, जो टीम का सबसे बड़ा मौका था।

दूसरे हाफ में, मोहन बागान ने दबाव बढ़ाया और जेसन कमिंग्स को उतारा। हामिद अहदाद को एक स्पष्ट मौका मिला, लेकिन उनका शॉट सीधे विशाल कैथ के हाथों में गया। अंतिम मिनटों में, अनवर अली ने शानदार ब्लॉक करके रॉबिन्हो को गोल करने से रोक दिया। ईस्ट बंगाल ने दृढ़ता दिखाते हुए ड्रॉ हासिल किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

## शौर्य भट्टाचार्य ने जीता पूना क्लब ओपन

**पुणे, 1 नवम्बर** तीसरे राउंड के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य ने आखिरी राउंड के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बचाकर रखा और टूर्नामेंट से पहले के प्रबल दावेदार युवराज संधू को हराकर पूना क्लब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1 करोड़ रुपये के टूर्नामेंट पूना क्लब ओपन 2025 के प्लेऑफ में जीत हासिल की। शौर्य भट्टाचार्य (69-63-67-64) ने आखिरी राउंड में सात अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाया, जो दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। उन्होंने कुल 21 अंडर 263 का स्कोर बनाया और फिर प्लेऑफ़ में बर्डी लगाकर युवराज संधू को पछाड़ दिया।

# लगातार दो जीत से सेमीफाइनल में एफसी गोवा

**गोवा 1 नवम्बर.** एआईएफएफ सुपर कप के ग्रुप-'बी' के अंतिम चरण के मुकाबले फातोर्दा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे। लगातार दो जीत के साथ एफसी गोवा पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। आज का मैच उसके लिए केवल प्रतिष्ठा का होगा।

डूरंड कप विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की नज़र मौजूदा चैंपियन एफसी गोवा को हराकर अपने अभियान का समापन सकारात्मक तरीके से करने पर होगी। सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी जमशेदपुर टीम इंटर काशी के खिलाफ जीत दर्ज कर टूर्नामेंट से विदाई लेना चाहेगी। पिछले मुकाबले में 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करने वाली जमशेदपुर टीम जोश में है। वहीं, इंटर काशी ने भी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को कड़ी टक्कर दी थी, जिससे यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है।





**रणनीति में बदलाव संभव**

सेमीफाइनल और आगामी एशियाई चैंपियंस लीग टूर्नामेंट (सऊदी अरब में अल नस्र क्लब के खिलाफ) को ध्यान में रखते हुए, एफसी गोवा के मुख्य कोच मैनोलो मार्केज़ टीम संयोजन में बदलाव कर सकते हैं। यह मुकाबला टीम के दूसरे खिलाड़ियों को मैदान पर अनुभव देने और सेमीफाइनल से पहले तालमेल बनाए रखने का अवसर देगा। टीम का मुख्य लक्ष्य अब

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया से सीरीज बराबर करने पर


## दोनों टीमों के बीच तीसरा टी-20 आज

**होबार्ट, 1 नवंबर— भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा और निर्णायक टी20 मुकाबला रविवार को बेलेरिव ओवल में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 1-0 की बढ़त के साथ सीरीज में आगे है, जबकि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम जीत के साथ सीरीज बराबर करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी शानदार फॉर्म में है। जोश इंगलिस, टिम डेविड और मैथ्यू शॉर्ट मध्यक्रम में मजबूती देंगे। जोश हेजलवुड की गैरहाजिरी में सीन एबॉट और ज़ेवियर बार्टलेट नई गेंद संभालेंगे, जबकि एडम जम्पा पर स्पिन का दारोमदार रहेगा। भारत के लिए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल से तेज शुरुआत की उम्मीद होगी। कप्तान सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन मध्यक्रम में लय वापस पाने की कोशिश करेंगे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा नई गेंद से असर डालने की कोशिश करेंगे, वहीं कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती स्पिन आक्रमण की कमान संभालेंगे। बेलेरिव ओवल की पिच पर 180 रन का स्कोर मुकाबले को रोमांचक बना सकता है।

**पेरिस मास्टर्स टेनिस** ▶ **सिनर खिताब जीतकर बन सकते हैं विश्व नंबर-1**

# सिनर का जलवा, ज्वेरेव से सेमीफाइनल भिड़ंत



सिनर ने बेन शेल्टन को 6-3, 6-3 से हराया

**पेरिस 1 नवम्बर.** इटली के जैनिक सिनर ने पेरिस मास्टर्स 2025 के क्वार्टरफाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए आसानी से सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

**अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रोमांचक मैच में मेदवेदेव को हराया**

**दो मैच पॉइंट बचाकर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बनाई जगह**

**बुब्लिक ने पहली बार मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया**

उन्होंने बेन शेल्टन को 6-3, 6-3 से पराजित किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना गत चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। सिनर के पास इस टूर्नामेंट का खिताब जीतकर कार्लोस अल्काराज को पीछे छोड़ते हुए विश्व नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का शानदार मौका है। हालांकि, सिनर ने रैंकिंग पर ध्यान न देते हुए %दिन-प्रतिदिन% खेलने पर जोर दिया। इनडोर हार्ड कोर्ट पर सिनर की यह लगातार 24वीं जीत है और वह सीज़न का अपना पाँचवाँ खिताब (जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन शामिल हैं) हासिल करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

### ज्वेरेव की कड़ी जीत

जर्मनी के ज्वेरेव ने एक कड़े मुकाबले में दानिल मेदवेदेव को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के दौरान ज्वेरेव ने दो मैच पॉइंट भी बचाए और मेदवेदेव के खिलाफ लगातार पाँच हार के क्रम को तोड़ा। इस बीच, अलेक्जेंडर बुब्लिक ने एलेक्स डी मिनौर को हराकर अपने करियर का पहला मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल भी सुनिश्चित किया।